आवश्यक सूचना

संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा -2018 के लिखित परीक्षा में सफल हुए समस्त अभ्यर्थी दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु आयोग द्वारा जारी किए गए प्रवेश पत्र के साथ–साथ निम्नलिखित दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां व उनकी स्वप्रमाणित प्रतियॉ लेकर प्रवेश पत्र में वर्णित समय पर उपस्थित हों । अन्यथा उन्हें दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों के सत्यापन में सम्मिलित नहीं किया जाएगा–

1. जन्म तिथि के समर्थन में मैट्रिक का प्रमाण पत्र
2. शैक्षिक योग्यता के सम्बंध में स्नातक परीक्षा का अंकपत्र व प्रमाण पत्र
3. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./भू.पू.सैनिक/शारीरिक विकलांग होने के अपने दावे के समर्थन में (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किए गए और परीक्षा की विज्ञप्ति में यथा निर्धारित प्रारूप में) प्रमाण पत्र/दस्तावेज मूल प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करें। अन्यथा अभ्यर्थी को सामान्य श्रेणी का माना जाएगा तथा आयु सीमा में न आने पर **दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों के सत्यापन** में सम्मिलित नहीं होने दिया जाएगा तथा उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।
4. केंद्र सरकार के वे कर्मचारी/विभागीय, जो आयु में छूट का दावा किए है अपने कार्यालय/विभाग से एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे जिसमें यह उल्लिखित होगा कि परीक्षा की सूचना में निर्धारित तिथि को आप ने तीन वर्षों की नियमित एवं लगातार सेवा पूरी कर ली है। (Annexure-III of the notice of the examination)
5. अगर सरकारी सेवा में हैं तो सम्बंधित विभाग द्वारा जारी किया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र।
6. भूतपूर्व सैनिक (यदि लागू है) होने के दावा के समर्थन में पूर्ण डिस्चार्ज प्रमाण–पत्र तथा परीक्षा विज्ञप्ति के अनुबन्ध-V (Annexure-V of the Notice of the examination)
7. नवीनतम पासपोर्ट आकार के तीन फोटोग्राफ ।